संक्षिप्त

नदी में डूबने से व्यक्ति की मौत

डूंगरपुर, (निसं)।सदर थाना क्षेत्र के पालदेवल गांव में नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।बुजुर्ग नदी पर नहाने गया था। पैर फिसलने से ये हादसा हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाने के एएसआइ प्रवीण सिंह ने बताया कि पालदेवल निवासी भरत मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता हाजा डामोर (53) नहाने के लिए गांव के पास बह रही नदी में नहाने गए थे। इस दौरान पैर फिसलने से उसके पिता नदी में बह गए और उनकी डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने शव को नदी से निकलवा कर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया। सूचना पर पुलिस मॉर्चुरी पहुंची,जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

तीन दिवसीय रथोत्सव आज से

डूंगरपुर, (निसं)। जैन समाज के पर्युषण पर्व के समाप्ति के पश्चात तीन दिवसीय रथोत्सव 8 सितम्बर सोमवार से प्रारंभ होंगे। प्रवक्ता पियुष घाटिया, रवि सेठ व केशु भाई नागदा ने बताया कि प्रथम दिन 8 सितम्बर को रात्रि 8 बजे घाटी स्थित मामा.भानजा मंदिर से, फौज का बड़ला, माणक चौक यहां से कोटडिया, जैन मंदिर का रथ साढ़े आठ बजे शामिल होकर दोनों रथ सोनिया चौक, कंसारा चौक ,विजय चौक होते हुए गेपसागर की पाल पर पहुंचेगे। दोनो रथों का रात्रि विश्राम गेपसागर की पाल ही रहेंगा। जहां पर श्रद्वालु रथों के सम्मान में डांडिया नृत्य करेंगे। इसके पश्चात 09 सितम्बर को दिन भर दर्शनार्थी का मेला लगा रहेगा। शाम को डांडिया नृत्य के पश्चात देर रात्रि दोनो रथ वापस शहर की ओर प्रस्थान करेंगे। जिसमे कोटडिय़ा मंदिर का रथ तो भण्डार कर दिया जायेंगा। जब कि मामा-भानजा मंदिर का रथ दो घण्टे माणक चौक में रहेंगा जहां पर श्रद्वालु डांडिया नृत्य करेंगे। इसके पश्चात रथ को माणक चौक से फौज का बड़ला होते हुए घाटी स्थित मामा-भानजा मंदिर ले जाकर भण्डार कर दिया जायगा। वही दूसरी ओर मध्य रात्रि को फौज का बड़ला उण्डा मंदिर से रथ निकाला जायेगा जो गेपसागर की पाल पर लाया जायगा जहां रात्रि विश्राम करेगा। 10 सितम्बर को देर रात्रि तक गेपसागर की पाल इसके पश्चात माणक चौक में भुलमणी व गैर नृत्य खेलने के पश्चात 11 सितम्बर भौर में रथ के भण्डार के साथ ही तीन दिवसीय रथोत्सव को सम्पन्न होगा।

नगर में निकला पथ संचलन

राजसमंद, । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर जिला मुख्यालय पर कांकरोली नगर के बाघपुरा से संघ कार्यालय तक निकाले गए पथ संचलन में सदे कदमों के साथ स्वयं सेवकों संचलन निकाला। बाघपुरा राजकिय विद्युलस परिसर से शुरू हुआ यह पथ संचलन करीब एक घंटे में पन्नाधाय सर्कल, विवेकानंद चौराहा, मुखर्जी चौराहा, जेके मोड, मैन चौपाटी, कांकरोली बस स्टेण्ड, जलचक्की तक नगर भ्रमण करते हुए मधुकर संघ कार्यालय पहुंचकर पूरा हुआ।

'आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह राउंड द क्लॉक तैयार रहे'

राजसमंद, (निसं)। उप मुख्यमंत्री और जिला प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिए कि अधिक वर्षा के बीच किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह राउंड द क्लॉक तैयार रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी समय घटना, अनहोनी, जलभराव आदि की सूचना मिले तो तुरंत राहत और बचाव की कार्रवाई शुरू होनी चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने जिले में बचाव कार्यों को लेकर प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्यवाही को लेकर संतोष जाहिर किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक लेते उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा।

बैठक में भीम विधायक हरिसिंह रावत, जिला प्रमुख रतनी देवी, प्रधान अरविंद सिंह राठौड, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, समाजसेवी माधव जाट, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, एसपी ममता गुप्ता, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उप मुख्यमंत्री के ओएसडी भगवत सिंह राठौड सहित जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निचले भौगोलिक क्षेत्र में स्थित गांवों में विशेष ध्यान रखा जाए। सभी उपखंड अधिकारी और तहसीलदार अपने पटवारियों से पुराने वर्षों के अनुभव लेकर उन गांवों की पहचान करें, जहां अक्सर समस्या उत्पन्न होती है। बैठक में फसल गिरदावरी की प्रगति पर चर्चा करते हुए डॉ बैरवा ने कहा कि किसानों के प्रति संवेदनशील रहकर गिरदावरी जल्द पूर्ण की जाए। पशुपालन विभाग को सभी पशु चिकित्सालयों में दवाइयां, वैक्सीन, डीवॉर्मिंग और कोल्ड चैन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। पंच गौरव योजना की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को बेहतर कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया।

जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि जिले में इस वर्ष 1 जनवरी से अब तक 818 मिमी वर्षा दर्ज हुई है, जो पिछले दस वर्षों के औसत 752 मिमी से अधिक है। पहाडी क्षेत्रों में वर्षा ज्यादा हुई है जबकि मैदानी क्षेत्रों में औसत से कम। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में कुल 13 लाख 90 हजार 137 खसरे हैं, जिनमें से अब तक 7 लाख 48 हजार 602 खसरों की गिरदावरी (53.85 प्रतिशत) पूर्ण हो चुकी है। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने जिले में राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभावी समीक्षा की गई। प्रेजेंटेशन में बताया गया कि तहसील कुम्भलगढ में 18 जुलाई को अतिवृष्टि के दौरान 40 स्कूली बच्चों और 5 व्यक्तियों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया, वहीं तहसील राजसमंद में 27 अगस्त को मोही क्षेत्र में बनास नदी से एक व्यक्ति का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। कुंभलगढ क्षेत्र में अतिवृष्टि के बाद तत्काल प्रभाव से बिजली व्यवस्था एवं सडकों को बहाल किया गया। जिले में बाढ नियंत्रण कक्ष सक्रिय रूप से संचालित है, जिसमें 21 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक तीन पारियों में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एसडीआरएफ की टीम भी जिला स्तर पर बाढ बचाव कार्यों हेतु तैनात की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2024 में 22 हजार 820 किसानों द्वारा बीमा करवाया गया था, जिसके तहत 69 लाख रुपये का भुगतान किया गया। वहीं खरीफ 2025 में कृषि विभाग द्वारा वितरित बीज मिनी किट एवं प्रदर्शनों के आधार पर 90 हजार 930 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का, ज्वार, बाजरा, दलहन, चारा एवं अन्य फसलों की अनुमानित बुवाई की गई है। फसल बीमा योजना में खरीफ 2025 के लिए 31 हजार 320 किसानों का बीमा किया गया है। पंच गौरव योजना के अंतर्गत एक जिला-एक उपज कार्यक्रम में सीताफल को चयनित किया गया है। प्रचार-प्रसार, कृषक प्रशिक्षण, भ्रमण, कृषक चयन एवं पौधे वितरण जैसी गतिविधियों के लिए

■ 'आपदा प्रबंधन पर राहत और बचाव कार्यों में तुरंत हो कार्रवाई, कोई विलंब न हो'

जुलाई से फरवरी 2026 तक की कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके लिए विभागीय मद से 4.5 लाख रुपये एवं पंच गौरव मद से 14.75 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन वर्ष 2025-26 में 2.5 हैक्टेयर क्षेत्र में सीताफल बगीचा स्थापित करने की प्रशासनिक स्वीकृति भी जारी की गई है। वहीं एक जिला एक खेल-हॉकी के लिए नवनिर्मित स्ट्रो टर्फ पर हॉकी खेल का नियमित प्रशिक्षण कार्य संचालित किया जा रहा है। एक जिला एक प्रजाति नीम के लिए वर्ष 2025-26 के दौरान 5 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें से 1 लाख पौधे विभागीय मद से तैयार किए जा रहे हैं और इनके मदर बेड तैयार कर थैलियों में स्थानांतरित करने की कार्यवाही चल रही है। शेष 4 लाख पौधों की तैयारी पंच गौरव योजना से बजट प्राप्त होने के बाद की जाएगी।

एक जिला-एक उत्पादश् योजना में जिले के मार्बल एवं ग्रेनाइट उद्योग को शामिल किया गया है, जिसके अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में 11 इकाइयों को कुल 53.89 लाख रुपये का अनुदान वितरित किया गया है। वहीं एक जिला-एक पर्यटन स्थल योजना में कुम्भलगढ को चयनित किया गया है।

पर्यावरण व संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

उदयपुर,(कासं)। अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के मौके पर सीपीएल फार्मास्यूटिकल्स प्रा. लि. ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साझे में और राहडा फाउंडेशन के सहयोग से एक अनूठा हवन यज्ञ, शिव पूजा व आरती का आयोजन किया। कलडवास में आदियोगी प्रतिमा परिसर में आयोजित इस हवन यज्ञ का उद्देश्य पर्यावरण की सुरक्षा के साथ ही संस्कृति और परंपरा का निर्वहन और गोकाष्ठ लकडी (गोबर से बनी लकडी)) को प्रचलन में लाना था।

आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वैदिक विधि से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें केवल गोकाष्ठ का उपयोग किया गया। इस समारोह में यह दर्शाया गया कि पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पारंपरिक प्रथाओं को कैसे अपनाया जा सकता है। फार्मास्युटिकल संयंत्र के भीतर स्थित शांत आदि योगी मूर्ति स्थल पर आयोजित इस समारोह में, गोकाष्ठ को पारंपरिक लकडी के एक स्थायी विकल्प के रूप में प्रदर्शित किया गया, और सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को बनाए रखते हुए वनों की कटाई को कम करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शरद सक्सेना ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस पर इस वर्ष की थीम रेसिंग फॉर एयर को दृष्टिगत रखते हुए हवन, शिव पूजा व आरती कार्यक्रम रखा गया। इस पहल का उद्देश्य वायु शुद्धिकरण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। हवन में गोबर से बनी लकडी का प्रयोग किया गया, जो पर्यावरण हितैषी, टिकाऊ और किफायती विकल्प है। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया गया कि वे प्लास्टिक का उपयोग कम करें और पुनः उपयोगी वस्तुओं को अपनाएं। कार्यक्रम में राहडा फाउंडेशन की संस्थापक अर्चना सिंह चरण ने भी अपने विचार साझा किए।

'हर रोग का निदान बिना किसी साईड इफेक्ट के इलाज संभव'

उदयपुर,(कासं)। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के पूर्व दिवस पर रविवार को शहर के विभिन्न फिजियोथेरेपी महाविद्यालय की ओर से रिमझीम बारीश के बीच फतेहसागर की पाल पर आयोजित वोकाथन रेली का शुभारंभ राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मेहता , डॉ. पल्लव भटनागर, डॉ. जफर, डॉ. टीना, डॉ. युनुस, डॉ. दीपक ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना की।

निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत ने बताया कि रेली मोतीमंगरी से प्रारंभ हुई जिसका समापन फतेहसागर की पाल पर हुआ। समारोह को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि जीवन में सब कुछ संभव है यदि हेल्थ एक बार खराब हो जाती है तो उसे ठीक करने मे बडी मुश्किल होती है। 21वीं सदी में फिजियोथेरेपी एक ऐसी देन है जिसके माध्यम से बिना किसी साईड इफेक्ट के गिरता हुआ

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर वोकाथन रेली का आयोजन हुआ।

स्वास्थ ठीक कर सकते है। नियमित अभ्यास के द्वारा रोगों से होने से भी बचा जा सकता है।

प्रो. सारंगदेव ने बताया है कि इस वर्ष की विश्व फिजियोथैरेपी फेडरेशन की थीम हेल्दी एजिंग जिसमें 60 साल की उम्र के बाद बुजुर्ग लोगों की समस्या का समाधान करना मुख्य रूप से आवश्यक बताया गया है। खेल में चोटिल व्यक्ति को बिना किसी दवा के फिजियोथेरेपिस्ट ही दौड़ा सकता है। रेली में राजस्थान विद्यापीठ, गीतांजली, पेसीफिक, सनराईज महाविद्यालय के विधार्थी एवं डाक्टर्स ने भाग लिया।

नारायण सेवा संस्थान में 'अपनों से अपनी बात' का समापन

उदयपुर, (कासं)। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के सानिध्य में सेवा महातीर्थ परिसर में चल रहे पांच दिवसीय 'अपनों से अपनी बात' समारोह का रविवार को समापन हुआ।

इस आयोजन में देशभर से चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवाओं के लिए आए रोगियों, दिव्यांगजनों तथा उनके परिजनों ने उत्साह से भाग लिया।समारोह के दौरान कई दिव्यांगजनों ने अपने जीवन के संघर्ष और नारायण सेवा संस्थान से प्राप्त सहयोग का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि संस्थान की सहायता से वे न केवल शारीरिक रूप से सक्षम बने, बल्कि आत्मनिर्भर जीवन की राह पर आगे बढने के लिए प्रेरित भी हुए। उन्होंने कहा कि अब उन्हें जीवन में नई आशाएँ और खुशियाँ प्राप्त हुई हैं। कुछ प्रतिभागियों ने भावुक होकर बताया कि यहाँ उन्हें निःशुल्क कृत्रिम अंग, चिकित्सा सहायता, पुनर्वास सेवाएं और मानसिक संबल मिला, जिससे उनका जीवन पूरी तरह बदल गया है। अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने दिव्यांग बच्चों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए कहा हर व्यक्ति कर्म करता है और वह स्वतंत्र है कि किस प्रकार का कार्य करे।

रक्तदान शिविर आयोजित

राजसमंद, (निसं)। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिशानिर्देश से संत निरंकारी मिशन की स्थानिय ब्रांच की ओर से रक्तदान शिविर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से सेवा भवन किशोर नगर में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन रेडक्रॉस सोसाइटी के दीपचंद गाडरी की उपस्थिति में हुआ।

ब्रांच के मुखी शोभा गोस्वामी ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि एक रक्तदान से तीन जनों की जान बचाई जा सकती है। निरंकारी भक्तजन बढचढ का रक्तदान में भाग लेते है। महिला-पुरुष बराबर की संख्या में रक्तदान कर एक सुंदर संदेश आमजन को देते है कि रक्तदान महान कार्य है। युवाओं को साल में दो तीन बार रक्तदान करना चाहिए, जिससे कि अनेक प्रकार की शारीरिक बीमारियां भी कम की जा सकती है। रक्तदान एक ऐसा पुण्य का कार्य है जो न केवल जरूरतमंद की आवश्यकता को पूरी करता है बल्कि खुद को भी अच्छे कार्यों का सहयोगी बनाता है।

कांकरवा में हुई चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को दबोचा।

कपासन, (निसं)। भूपालसागर थाना क्षेत्र के कांकरवा गांव में वृद्ध महिला के गले से रामनामी, मान्दलिया और सोने के चाकु दोरा काट कर ले जाने की घटना के मामले में भूपालसागर थाना पुलिस ने साइबर सेल की मदद से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी के सोने की रामनामी व सोने के दो मादलीये बरामद किए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गत 18 जुलाई की रात्रि को भूपालसागर थाना क्षेत्र के कांकरवा गांव में वृद्ध महिला के गले से रामनामी, मान्दलिया और सोने के चाकु दोरा काट कर ले जाने की घटना के मामले में आरोपियों की तलाश कर माल बरामद करने के लिए एएसपी सरिता सिंह व वृत्ताधिकारी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में आरोपी 50 वर्षीय बंशीलाल कालबेलीया (जोगी) निवासी नई आबादी अम्यावली किरतपुरा थाना बडीसादडी जिला चित्तौडगढ व 27 वर्षीय मुकेश कालबेलीया (27) निवासी बनाकीया कला थाना कपासन जिला चित्तौडगढ हाल खातरीया चौकडी थाना खातरेच जिला अहमदाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पुलिस अभिरक्षा (रिमाण्ड) प्राप्त किया जाकर आरोपी बंशीलाल व मुकेश से मामले का माल सोने की रामनामी व सोने के दो मादलीये बरामद किये गए।

राहगीरों से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, माल बरामद

बांसवाड़ा, (निसं)। घाटोल थाना पुलिस ने राहगीरों को रोककर चांदी का कड़ा एवं मोबाइल लूट के दो आरोपियों को न केवल गिरफ्तार किया है वरन् लूटा गया चांदी का कड़ा व मोबाइल भी बरामद कर लिया है। ध्यान रहे कि जिले में हो रही चोरी की वारदातों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने इन मामलों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिये थे और वे स्वयं भी देर रात तक दौरा करते नजर आये।

इसी का परिणाम है कि अब पुलिस सक्रिय नगर आ रही है और न केवल वारदातों का खुलासा हो रहा है वरन् लूट का माल भी बरामद किया जा रहा है। थानाधिकारी निर्भय सिंह ने बताया कि गत 28 अगस्त को प्रार्थी थावरचन्द पुत्र मणिलाल डिंडोर निवासी हेरापाड़ा कुवानिया ने रिपोर्ट दी कि वह 24 अगस्त की शाम को उसकी नाबालिग पुत्री जो कि प्रार्थी की बहन के घर बुढ़ा बस्सी गई हुई थी जो शाम लगभग 5 बजे बहन के देवर प्रेम के साथ मोटर साईकिल पर बैठकर वापस घर आ रही थी कि हेरपाड़ा कुवानिया तोरणवाला वड़ला के पास आरोपी संजु निनामा, मनीष डिंडोर, श्रवण, राजु निवासी हेरपाड़ा कुवानिया ने रोककर प्रेम के साथ मारपीट की और इन लोगों ने प्रेम से दो मोबाइल व चांदी का

घाटोल थाना पुलिस ने राहगीरों से लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

कड़ा लूट लिया वहीं पुत्री को मारने के लिये जंगल में ले गये और उन्होंने पुत्री के साथ मारपीट करते हुए प्रेम को भगा दिया। प्रार्थी ने परिवारजनों के साथ पुत्री की काफी तलाश की लेकिन पता नही चल पाया। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, एएसपी राजेश भारद्वाज के सुपरविजन में वृताधिकारी महेन्द्र कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी निर्भय सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। अपहत नाबालिग रिश्तेदार के घर से दस्तयाब की गयी। पुलिस ने अभियुक्तों की तलाश के लिये दबिश दी और आरोपी राजु उर्फ राजेश निवासी हेरपाड़ा कुवानिया व संजु उर्फ संजय पुत्र वासु उर्फ वासुदेव निवासी अजगरियापाड़ा कुवानिया को गिरफ्तार किया।

सार-समाचार

ट्रेक्टर-ट्रॉली गड्ढे में धंसी

देवगढ़, (निसं)। नगर पालिका क्षेत्र के उंडा सेरिया इलाके में रविवार सुबह एक ट्रेक्टर ट्रॉली गड्ढे में धस गई।गनीमत यह रही की कोई जनहानि नहीं हुई। मामला वार्ड नंबर 23 के उंडे सेरिये का है जहाँ रास्ते की हालत काफी बदहाल हो रहीं है।जिससे आवागमन बाधित हो चूका हे मार्ग में नगर पालिका द्वारा पुलिया निर्माण करावाया जो की दो महीने की अवधि में ही टूट गया। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते मार्ग बहुत बाधित हो चूका हे।स्थानीय निवासी प्रकाश पुरोहित द्वारा रविवार सुबह में अपने खेत पर जाने के लिए ट्रेक्टर लेकर गये और टूटे पुलिया पर पत्थर डालकर आवागमन सुगम करने हेतु पत्थर डाल कर रास्ता सुधारने के लिए ट्रेक्टर से पत्थर डाल रहे थे की ट्रेक्टर ट्रॉली गड्ढे में धस गई।चालक ने अपनी सूजबूज से जान बचाई। घटना की जिसकी सुचना नगर पालिका प्रशासन को दी गई जिस पर दो घंटे बाद जे सी बी द्वारा ट्रॉली को बाहर निकाला गया।विस्तृत जानकारी के अनुसार उक्त रास्ता जो की क्षेत्र के मुख्य जलास्त्रोत सोपरी बांध पर जाता है।इस मार्ग से आमजन का आवागमन लगा रहता है एवं काश्तकार लोगों के आवागमन का मुख्य मार्ग है जो की हाल ही में बहुत ही क्षितठास्त हो गया है। क्षेत्र वासियो द्वारा मार्ग दुरुस्त करवाने हेतु नगर पालिका देवगढ़ को कई बार अवगत करवाया गया तथा पत्र भी दिये परंतु कोई भी पुख्ता कार्यवाही अभी तक बहाल नहीं हुई। वर्तमान में क्षेत्र में हुई अत्यधिक वर्षा के कारण रास्ते की बदहाली अत्यधिक हो गई है। जानकारी के अनुसार देवगढ़ के तालाब राघव सागर का समस्त रपट एवं गटर नाले का पानी जो की इसी रास्ते के द्वारा होकर सोपरी बांध में मिलता है।ज्ञात रहे की मार्ग से गुजर रहे नाले को अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ अपने कब्जे में लें रखा है तथा नाला का मार्ग भी बदल दिया गया जिससे की नालें के पानी का जमावड़ा मार्ग पर कीचड़ एवं खड्डे के रूप में पसर रहा है। मार्ग से गुजरने वाले नाले को भी कब्जेधारियों द्वारा अधिकृत कर चारदिवारी कर नाले का मार्ग बदल दिया गया और पत्थर की दीवार का निर्माण कर दिया है।

नाटकों ने दर्शकों का मन मोहा

उदयपुर, (कासं)। गुजरात संगीत नाटक अकादमी द्वारा नाटक के विकास हेतु गुजरात के रंगकर्मियों को आर्थिक सहायता योजना के अन्तर्गत गुजरात के कलाकारों ने तीन नाटकों का मंचन भारतीय लोक कला मण्डल के गोविन्द कठपुतली प्रेक्षालय में किया। जिसमें सबसे पहले दोपहर 01 बजे नाटक "समी सांजे सुरज उग्यों", दोपहर 2:30 बजे नाटक "मने मगृजल मीठा लागे" एवं सांय 04 बजे नाटक "चिन्टु अने पिन्टु" का भावपूर्ण मंचन हुआ। नाटक समी सांजे सुरज उग्यो एक सामाजिक नाटक है जिसकी कथा आज के जमाने की पारिवारिक समस्याओं पर आधारित है। आज के युग में जहाँ भाई-भाई का नहीं है। वही नाटक में यह बताने का प्रयास किया गया है कि आज के इस युग मे दो भाईयों के बीच मे कैसा प्रेम होना चाहिये । इस सामाजिक नाटक को वसंत परमार ने लिखा है , दिग्दर्शन भरत ठक्कर ने किया। नाटक मने मृगजल मीठा लागे को गुजरात के प्रसिद्ध लेखक स्व. भगवत भावार्थ द्वारा लिखा गया है और नीता हिमांशु भचेच दिग्दर्शीत है। नाटक मे यह बताने का प्रयास किया गया है कि कैसे एक मनोरोगी को बिना किसी दवा या बिना शोक ट्रीटमेन्ट दिये उसे उसकी अगर प्रेम से सार संभाल कर ईलाज किया जाए तो वे मनोरोगी जल्द ठीक हो जाते है बताने का प्रयास किया गया। नाटक चिन्टु अने पिन्टु - गुजरात बाल साहित्य के भीष्म पितामाह जीवराम जोशी जिन्होंने सुप्रसिद्ध बाल पात्र - छको-मको, मियां फुसकी तभा भट्ट जैसे पात्रो का निर्माण करके पूरे विश्व मे ख्याति प्राप्त की है उनके सुपुत्र ओर निर्माता निर्देशक भार्गव जीवराम जोशी द्वारा दिग्दर्शन है। यह बाल नाटक हंसी मजाक के साथ चार ईमानदार वीर बालको की कहानी पर आधारित है । तीनों नाटकों का मंचन गुजरात संगीत नाटक अकादमी, गुजरात सरकार के सहयोग से हुआ। तीनों नाटकों के मंचन के दौरान बडी संख्या में नाट्य प्रेमी, कला प्रेमी एवं स्थानीय गुजराती समाज के कला प्रेमी उपस्थित रहे ।

दो पक्षों में हुए विवाद पर 16 गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। भगवान गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सदर थाना क्षेत्र के सुरपुर में एक ही समाज के दो पक्षों में हुए विवाद व झगड़े के मामले में शांति भंग करने के आरोप में 16 जनों को गिरफ्तार किया गया है। ध्यान रहे कि 6 सितम्बर को सुरपुर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर एक ही समाज के दो पक्षों में विवाद व लड़ाई झगड़ा हुआ था जिससे ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल हल्का पटवारी ने समझाईश कर विसर्जन करवाया। बाद में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किये गये। रात्रि में लगभग 11 बजे सूचना मिली कि विवाद करने वाले दोनों पक्ष आमने-सामने होकर एक-दूसरे से गाली-गलौच कर पथराव कर रहे हैं इस पर थानाधिकारी बुद्धाराम विश्नोई मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे वहीं क्यूआरटी जाप्ता भी सुरपुर पहुंचा। गांव में काफी लोगों की भीड़ थी और एक-दूसरे से गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकियां देते हुए आमने-सामने पत्थर फेंके जा रहे थे। मौके पर एसएचओ एवं जाप्ते ने दोनों पक्षों से समझाईश कर शांति बनाये रखने के काफी प्रयास किये लेकिन दोनों पक्ष धमकियां देते हुए मरने मारने पर उतारू हो रहे थे। ऐसे में अगर पुलिस गिरफ्तारी नहीं करती तो दोनों पक्षों में से कोई भी एक पक्ष दूसरे के साथ संगीन वारदात कर सकता था। इधर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने मामले को संवेदनशीलता से लेने के निर्देश दिये।

बारिश से तालाब फूटने का खतरा

भीम/राजसमंद, (निसं)। राजसमंद जिले में दो दिन से भारी बारिश के चलते भीम में कुकरखेड़ा पंचायत के फुलसागर तालाब की पाल के टुटने का खतरा मंडराने पर पुलिस, प्रशासन शनिवार शाम को ही मौके पर पहुंच गया और चार गांव खाली करवा दिए। साथ ही सिंचाई विभाग, एसडीआरएफ व आपदा प्रबंधन से जुड़ी टीम मौके पर पहुंच गई। संभावित प्रभावित गांवों से 610 लोगों को वैकल्पिक तौर पर सरकारी स्कूलों व अन्य भवनों में शिफ्ट किया है। मिट्टी के कट्टे डालकर पाल को मजबूत कर दिया और बारिश रूकने से फिलहाल खतरा टल गया है। एतियातन प्रशासन मौके पर तैनात है और लोगों से समझाइश जारी है। भीम तहसीलदार मनोज कुमार ने बताया कि बरार, कुकरखेड़ा क्षेत्र में दो दिन की भारी बारिश के चलते ओवरफ्लो बड़ा तालाब पर तीन फीट की चादर चलने लगी और ताल का स्टेट हाइवे भी जलमग्न हो गया। साथ ही पानी की तेज होने से कुकरखेड़ा पंचायत के कालेटरा गांव में स्थित फुलसागर तालाब लबालब होकर ओवरफ्लो हो गया। साथ ही एक जगह तालाब की पाल क्षितठास्त हो गई। इसकी सूचना बाढ़ नियंत्रण कक्ष के साथ भीम थाने में दी गई। इस पर भीम थाना प्रभारी भंवरलाल कुमावत शनिवार दोपहर मय जाब्ते के घटना स्थल पर पहुंचे और तालाब फुटने का खतरा होने से कई गांवों के डूबने का खतरे को लेकर प्रशासन को अवगत कराया। इस पर राजसमंद से अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर, एएसपी महेंद्र पारीक, भीम तहसीलदार मनोज कुमार, नायब तहसीलदार पन्नासिंह रावत, डीएसपी पारस चैधरी, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता मानसिंह, कुकरखेड़ा प्रशासक ख्यालीदेवी रावत, पूर्व सरपंच घीसुलाल के साथ एसडीआरएफ व सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंच गए।

तेजाजी महाराज का मेला आयोजित

भीम, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के पीपलीनगर ग्राम पंचायत में वीर तेजाजी महाराज का भव्य और विशाल मेला आयोजित हुआ। इस मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिन्होंने धूमधाम के साथ इस आयोजन में हिस्सा लिया। मेले में सुबह 10 बजे से ही दिल्ली, गुजरात, मुंबई सहित कई अन्य राज्यों से श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए और हाथ में ध्वजा लेकर पहुंचे। इस दौरान जगह-जगह ठामीणों द्वारा इन श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। द्वारकाधीश होटल, दान की बावड़ी पर ठाकर साहब लक्ष्मण सिंह, राम सिंह, समाजसेवी श्रवण सिंह, मनोहर सिंह और छगन सिंह ने 25 वर्षों से लगातार आ रहे वीर तेजाजी मित्र मंडल, सूरत के अतिथियों का तिलक लगाकर, माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। वहीं, समाजसेवी राजू सिंह रावत लोछनीय ने पानी की व्यवस्था कर अतिथियों का सम्मान किया।

चार विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन

भीम, (निसं)। 34वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा सॉफ्टबॉल जन्माटस्टिक एवं तीरंदाजी खेलकूद प्रतियोगिता सत्र 2024 -25 में कस्बे की मॉडर्न राज पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल भीम के चार प्रतिभावान विद्यार्थियों ने तीरंदाजी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले का नाम रोशन किया। मॉडर्न राज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक प्रवीणसिंह चौहान ने बताया कि राजसमंद जिले के कितेला में आयोजित जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा तीरंदाजी प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ी तुषार, दिव्यांशु, युवराज और युग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।